आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 जून 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि के वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर देशभर के लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया।

दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और पोटेंशियल की चर्चा सब दूर हो रही है। दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को भली–भांति पहचानने लगी है।

योजना के तहत प्रदेश के लखनऊ, ग्रेटर नोएडा और वाराणसी सहित सत्रह जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सभी सेक्टरों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज दुनिया भारत में निवेश कर रही है और उससे जुड़ रही है। माई गॉव इंडिया के एक सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि देश एक बेहतर ग्रह के निर्माण में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर है। प्रधानमंत्री ने विश्व के साथ भारत के संबंधों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग देने के लिए देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों को धन्यवाद दिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या की रूदौली विधानसभा क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय और चिकित्सालय सहित तीन सौ अट्ठहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की एक सौ छब्बीस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को लोग बीमारू राज्य कहते थे, वह आज विकास की यात्रा पर है। उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश ने जो प्रगति की है, वह सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

पिछले 9 वर्षों के अंदर उत्तर प्रदेश में जो ये प्रगति की है, ये प्रगति उसी का परिणाम है। सामूहिकता का परिणाम है, सबके सामूहिक प्रयास का परिणाम है। आज उसके रिजल्ट दिखाई दे रहे हैं। जिस उत्तर प्रदेश को लोग आज से 10 वर्ष पहले बीमारू कहते थे, जिस उत्तर प्रदेश के नाम पर कोई पहचान नहीं थी, आज वो उत्तर प्रदेश अपनी शानदार यात्रा को लेकर के चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने आज ही गोण्डा जिले का दौरा कर देवीपाटन और बस्ती मंडल के परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा भी की।

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बिहार के छपरा जंक्शन रेलवे स्टेशन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की मदद से प्रदेश के यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। इनमें दोहरीघाट–औंड़िहार मेमू ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार, मऊ–दिल्ली–आनन्द विहार टर्मिनस–नियमित एक्सप्रेस ट्रेन सेवा और छपरा–दिल्ली–आनन्द विहार नई एक्सप्रेस रेल सेवा शामिल हैं। इस अवसर पर मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा भी शामिल हुए।

****

केंद्र सरकार की बारह वर्षों की विकास यात्रा को लेकर पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी वाराणसी की ओर से आज वहां 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने सरकार की बारह वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

भारत के राजनीति में, विधायिका में, बनारस के सांसद को सबसे लंबे इलेक्टेड प्रधानमंत्री का कार्यकाल करने का अवसर भी मिला। बनारस के लोगों ने दिया है और उसके रिटर्न गिफ्ट के तौर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने 48,000 करोड़ रुपये से काशी के विकास की गाथा भी लिखी है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– स्नातक नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर– नौ एक – सात आठ दो सात नौ आठ शून्य दो आठ सात के माध्यम से भेजे जाएंगे। एजेंसी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि एनटीए से भेजे गए किसी भी संदेश पर भरोसा करने से पहले नीले सत्यापन चिह्न और "राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी" नाम की जांच कर लें।

****

प्रदेश में तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल से तेईस जून तक मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने इस अवधि में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

****